Title: Need to declare Vaishali as an international tourist resort -Laid.

डॉ0 रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली): महोदय, भगवान महावीर की 2600वीं जयन्ती मनायी जा रही है। भगवान महावीर की जन्म भूमि के विकास के लिए राज्य सरकार ने तीन सड़कों यथा 1. भगवानपुर रत्ती से सरैया सड़क, जो मुजफ्फरपुर और वैशाली दोनों जिला में पड़ती है। 2. भागवतपुर से वैशाली से जैन मन्दिर और 3. मानपुर (लालगंज) से मदरना से वैशाली से जैन मन्दिर तक की सड़कों के निर्माण का प्रक्कलन भेज दिया है लेकिन अभी तक उसकी स्वीकृति नहीं दी गयी है, जिस कारण उस ऐतिहासिक स्थल का विकास नहीं हो पायेगा। सरकार वैशाली के विकास के लिए वनचबद्ध है।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि कृपा कर इस ऐतिहासिक अवसर पर वैशाली को अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल का दर्जा देने हेतु भगवान महावीर की 2600वीं जयन्ती की कार्यान्वयन समिति द्वारा इन सड़कों का निर्माण करा दिया जाए, जिससे भगवान महावीर के जन्मस्थल वैशाली का विकास हो सके।